आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.06.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

मतगणना

देश में लोकसभा चुनाव की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने 2 सौ 92 सीटें जीतकर बहुमत के आंकड़े को हासिल कर लिया है। वहीं विपक्षी गठबंधन आईएनडीआई ने 2 सौ 33 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि अन्य के खाते में 18 सीटें गई हैं।

एनडीए बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भविष्य की रणनीति तय करने के लिए एनडीए की आज नई दिल्ली में बैठक होगी। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी और आज होने वाली एनडीए की बैठक के बारे में जानकारी दी।

हिमाचल लोस परिणाम

हिमाचल प्रदेश की चारों संसदीय क्षेत्रों में भाजपा के उम्मीदवारों को जीत हासिल हुई। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉ. राजीव भारद्वाज को 6 लाख 32 हजार 7 सौ 93 व कांग्रेस उम्मीदवार आनन्द शर्मा को 3 लाख 80 हजार 8 सौ 98 वोट मिले, जबकि 6 हजार 3 सौ 72 ने नोटा का बटन दबाया। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को 6 लाख 7 हजार 68 व कांग्रेस के सतपाल रायजादा को 4 लाख 24 हजार 7 सौ 11 वोट मिले, जबकि 5 हजार 1 सौ 78 ने नोटा को चुना। मंडी संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्यशी कंगना रनौत 5 लाख 37 हजार 22 वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 4 लाख 62 हजार 2 सौ 67 वोट प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त 5 हजार 6 सौ 45 ने नोटा का विकल्प चुना। वहीं शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सुरेश कश्यप को 5 लाख 19 हजार 7 सौ 48 जबकि कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी को 4 लाख 28 हजार 2 सौ 97 वोट मिले और 5 हजार 9 सौ 30 ने नोटा को चुना।

विस उपचुनाव परिणाम

प्रदेश की 6 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने चार जबकि भाजपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की है। लाहौल स्पीति, सुजानपुर, गगरेट और कुटलैहड़ विधानसभा सीट कांग्रेस की झोली में गई है जबकि बड़सर और धर्मशाला सीट पर भाजपा ने बाजी मारी है। लाहौल स्पीति में कांग्रेस की अनुराधा राणा ने निर्दलीय प्रत्याशी रामलाल मारकंडा को एक हज़ार 9 सौ 60 मतों से पराजित किया। सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के रणजीत सिंह राणा ने भाजपा के राजेन्द्र राणा को 2 हज़ार 4 सौ 40 वोटों से पराजित किया। ऊना ज़िले की गगरेट विधानसभा सीट पर कांग्रेस के राकेश कालिया ने

भाजपा के चैतन्य शर्मा को 8 हज़ार 4 सौ 87 मतों के अंतर से शिकस्त दी। कुटलैहड़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस के विवेक शर्मा ने भाजपा के देवेन्द्र कुमार भुट्टो को 5 हज़ार 3 सौ 56 मतों से पराजित किया। धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कांग्रेस के देवेन्द्र सिंह जग्गी को 5 हज़ार 2 सौ 26 मतों से पराजित किया। हमीरपुर ज़िले की बड़सर सीट पर भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने कांग्रेस के सुभाष चंद को 2 हज़ार एक सौ 25 वोटों से हराया।

पर्यावरण दिवस

आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। इस साल का थीम है "भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता"। विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को विश्वभर में लोगों को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के महत्त्व के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है, साथ ही लोगों को पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए तत्काल रूप से एकजुट करने का भी प्रयास किया जाता हैं। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर एक प्रभावशाली स्लोगन को शामिल किया जाता है, जो थीम के अनुरूप होता है। इस वर्ष का स्लोगन है "हमारी धरती हमारा भविष्य। इस अवसर पर आज शिमला के गेयटी थियेटर में पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग,प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और हिमकोस्ट द्वारा संयुक्त रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव प्रमोद सक्सेना मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा प्रदेश भर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के नतीजों से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–लोकसभा चुनाव में भाजपा की चार–शून्य से हैट्रिक, विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस चार–भाजपा दो सीटों पर जीती। पंजाब केसरी के शब्द हैं–अनुराग लगातार पांचवीं बार व कश्यप दूसरी बार निर्वाचित, कंगना व भारद्वाज भी पहुंचे संसद। दैनिक जागरण लिखता है–संसदीय चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों पर मतदाता की मुहर–भाजपा ने तीसरी बार जीती चारों सीटें। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–बच गई सुक्खू सरकार, लोकसभा में चारों सीटों पर हार। दैनिक भास्कर का कहना है–लोकसभा में भाजपा की हैट्रिक, विधानसभा में कांग्रेस का चौका। हिमाचल दस्तक ने लिखा है–विधानसभा उपचुनावों में सुक्खू सरकार का शानदार चौका। दैनिक सवेरा की सुर्खी है–केंद्र में अबकी बार गठजोड़ वाली सरकार–एक बार फिर देश की राजनीति में गठबंधन युग की वापसी हो रही। आपका फैसला के मुताबिक–एनडीए ने पार किया बहुमत का आंकड़ा।

हिमाचल में लोकसभा चुनाव पर विश्लेषण करते हुए अमर उजाला ने लिखा है—कांग्रेस की हताशा से मिशन रिपीट में कामयाब भाजपा।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को सुर्खी दी है—हिमाचल में मोदी नहीं, धर्म का फैक्टर ज्यादा देखने को मिला।